अर्ज किया है..!

*जिसे बुरा लगे वो सामने से हट जाए*
*मैं आईना हूं मेरी अपनी जिम्मेदारी है*
*नज़र बचा के गुज़रते हो तो गुज़र जाओ*
*मैं आईना हूं मेरी अपनी जिम्मेदारी है*
*— ताहिर फ़राज़*

परम धर्म श्रुति बिदित अहिंसा । पर निंदा सम अघ न गरिसा ।।
धरमु न दूसर सत्य समाना । आगम निगम पुराण बखाना ।।
जेहि बिधि प्रभु प्रसन्न मन होई । करूणा सागर कीजि सोइ ।।
|| मानस सनातन धर्म || Ram Katha 971- New Delhi || ✲मोरारी बापू

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 189 | इंदौर, गुरुवार 22 जनवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## राज्यपाल भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन और देवड़ा इंदौर में करेंगे ध्वजारोहण

### विजयवर्गीय शामिल नहीं होंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल, एजेंसी। 26 जनवरी 2026 को मध्यप्रदेश में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। राज्य शासन ने राजधानी भोपाल और सभी जिला मुख्यालयों में मुख्य अतिथियों की सूची जारी की है। इस साल राजधानी भोपाल में राज्यपाल मंगुभाई पटेल राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे, जबकि उज्जैन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तिरंगा फहराने के लिए बाबा महाकाल की नगरी पहुंचेंगे। वहीं, ग्वालियर में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ध्वज फहराएंगे।

जिलों में अन्य मुख्य अतिथि इस प्रकार हैं: इंदौर में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, सागर में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, रतलाम में मंत्री कुंवर विजय शाह, रीवा में मंत्री प्रह्लाद पटेल, छिंदवाड़ा में मंत्री राकेश सिंह, सिवनी में करण सिंह वर्मा, कटनी में मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, जबलपुर में मंत्री संपतिया उइके, बुरहानपुर में मंत्री तुलसीराम सिलावट, दतिया में मंत्री एदल सिंह कंषाना, नीमच में मंत्री निर्मला भूरिया, गुना में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, खरगोन में विश्वास सारंग, शाजापुर में नारायण सिंह कुशवाह, आगर-मालवा में नागर सिंह चौहान, शिवपुरी में प्रद्युम्न सिंह तोमर, अशोक नगर राकेश शुक्ला, राजगढ़ में चेतन्य काश्यप, दमोह में इंदर सिंह परमार, सीहोर में राज्य मंत्री कृष्णा गौर, खंडवा में राज्य मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी, मण्डला में राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल, बड़वानी में राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, विदिशा में राज्यमंत्री लखन सिंह पटेल, रायसेन में राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, नर्मदापुरम में राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, डिण्डौरी में राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, अनूपपुर में राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार और मैहर में राज्यमंत्री राधा सिंह इस बार निजी कारणों से कैलाश विजयवर्गीय किसी जिले के कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। जिन जिलों में मंत्रियों की उपस्थिति निर्धारित नहीं है, वहां जिला कलेक्टर मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इसके अलावा बाकी जिलों जैसे देवास, धार, झाबुआ, अलीराजपुर, मुरैना, मंदसौर, भिंड, सीधी, सतना, शहडोल, उमरिया, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, बैतूल, सिंगरौली और बालाघाट समेत अन्य शामिल हैं।

●वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम-2026: सीएम डॉ. यादव बोले-

# सुगम व्यापार नीतियों से विकास को मिलेगी नई गति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम' दावोस में 'इन्वेस्ट इन इंडिया: मध्यप्रदेश-एक रणनीतिक निवेश केंद्र' पर आयोजित राउंडटेबल मीटिंग में मध्यप्रदेश को देश के प्रमुख और उभरते निवेश केंद्र के रूप में प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में ऑटोमोबाइल, नवकरणीय ऊर्जा, फार्मास्यूटिकल्स, वस्त्र, आईटी-आईटीईएस, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क जैसे क्षेत्रों में निवेश के व्यापक अवसरों की जानकारी दी साथ ही अंतर्राष्ट्रीय एवं घरेलू निवेशकों से इन क्षेत्रों में राज्य सरकार द्वारा



दी जा रही नीतिगत सहायता और विभिन्न प्रोत्साहनों की जानकारी भी साझा की।

रोजगार सृजन करने वाले उद्योगों को मिलेगा विशेष सहयोग - मध्यप्रदेश सरकार निवेश और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सुगम व्यापार वातावरण (ईज ऑफ़ डूइंग बिजनेस) पर केंद्रित नीतियों के माध्यम से विकास को नई गति दे रही है। उन्होंने राज्य की सुदृढ़ अवसंरचना, बेहतर कनेक्टिविटी और जल, भूमि, श्रम और प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुर उपलब्धता को निवेशकों के लिए बड़ी ताकत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उन उद्योगों और व्यवसायों को विशेष सहयोग देगी, जो मध्यप्रदेश में रोजगार और आजीविका के नए अवसर सृजित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यदि किसी निवेश प्रस्ताव को विशेष या अनुकूलित समर्थन की आवश्यकता होगी, तो निवेश प्रोत्साहन के लिए गठित मंत्रिमंडलीय समिति (कैबिनेट कमेटी फॉर इन्वेस्टमेंट प्रमोशन) ऐसे प्रस्तावों पर सकारात्मक रूप से विचार करेगी।

### निवेशकों ने नीतियों को अधिक प्रभावी बनाने सुझाव साझा किए

राउंडटेबल चर्चा में शामिल निवेशकों और उद्योग प्रतिनिधियों ने पर्यटन, मनोरंजन, डिजाइन, नवकरणीय ऊर्जा, निर्यात, रसायन, अल्कोहल, टेक्सटाइल पार्क, वित्तीय क्षेत्र, आईटी–आईटीईएस, जीसीसी और बौद्धिक संपदा जैसे क्षेत्रों में नीतियों को और अधिक प्रभावी बनाने को लेकर अपने सुझाव साझा किए। इनमें जिरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामथ, हिताची इंडिया के कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. भारत कौशल, एमोविया की सह-संस्थापक एवं सीईओ सुश्री कैरन बाएर्ट, एंटोरा एनर्जी के सीईओ एंड्रयू पोनिंक, AB InBev के ग्लोबल वाइस प्रेसिडेंट (कॉर्पोरेट अफेयर्स) एंड्रिस पेनेटा, न्यू दिल्ली हब के संस्थापक एवं अध्यक्ष ईशान प्रताप सिंह, एचसीएल टेक्नोलॉजीज के ग्लोबल सीटीओ कल्याण कुमार शामिल रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी सुझावों का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार निवेश अनुकूल नीतियों के माध्यम से मध्यप्रदेश को वैश्विक निवेश मानचित्र पर और सशक्त रूप से स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# सावधान! साल में 5 बार तोड़ा ट्रैफिक नियम तो छिन जाएगा ड्राइविंग लाइसेंस

### केंद्र ने बनाए नए नियम

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सड़क पर बार-बार लापरवाही करने वाले चालकों पर लगाम कसने के लिए केंद्र सरकार ने सख्त रुख अपना लिया है। सड़क परिवहन मंत्रालय ने मोटर वाहन नियमों (Motor Vehicles Rules) में एक नया संशोधन किया है। अब यदि कोई चालक एक साल के भीतर 5 या उससे अधिक बार ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करता है तो उसका ड्राइविंग लाइसेंस (DL) 3 महीने के लिए निलंबित या रद्द किया जा सकता है। नया नियम 1 जनवरी से लागू हुआ है।

मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, यह नया नियम 1 जनवरी 2026 से प्रभावी माना जाएगा। इसके मुताबिक, लाइसेंस निलंबित करने का अधिकार क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (RTO) या जिला परिवहन अधिकारी के पास होगा। लाइसेंस रद्द करने से पहले संबंधित अधिकारी को लाइसेंस धारक का पक्ष सुनना अनिवार्य होगा। पिछले साल के अपराधों को अगले साल की गिनती में नहीं



जोड़ा जाएगा। यानी हर साल की गिनती नए सिरे से होगी। अब तक केवल 24 गंभीर मामलों (जैसे गाड़ी की चोरी, अपहरण, तेज रफ्तार या ओवरलोडिंग) में ही लाइसेंस रद्द करने का प्रावधान था। लेकिन नए नियम के बाद अब हेलमेट न पहनना, सीट बेल्ट न लगाना और रेड लाइट जंप करना जैसे नियमों को 5 बार तोड़ने पर भी आपका लाइसेंस छीना जा सकता है।

**ई-चालान और भुगतान के नए नियम-** अधिसूचना में चालान की प्रक्रिया को भी स्पष्ट किया गया है। वर्दीधारी पुलिस अधिकारी या अधिकृत अधिकारी चालान जारी कर सकेंगे। CCTV के जरिए ऑटो-जेनरेटेड ई-चालान भी भेजे जाएंगे। चालक को 45 दिनों के भीतर चालान भरना होगा या उसे अदालत में चुनौती देनी होगी। यदि 45 दिनों तक कोई कार्रवाई नहीं की गई, तो माना जाएगा कि चालक ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है।

इस कानून को लेकर विशेषज्ञों के बीच बहस छिड़ गई है। कुछ का मानना है कि इससे सड़क सुरक्षा बढ़ेगी, वहीं कुछ इसे दमनकारी बता रहे हैं। पूर्व डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर अनिल छिकारा ने इसे सही दिशा में उठाया कदम बताया, लेकिन यह भी कहा कि सीसीटीवी कैमरों से होने वाले चालान अक्सर विवादों में रहते हैं और इसके लिए एक ठोस मानक प्रक्रिया (SOP) की जरूरत है।

कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस में मुख्य बिंदुओं की समीक्षा

# कलेक्टर समन्वय कर बेहतर परिणाम दें : मुख्य सचिव श्री जैन

- कृषि वर्ष की कार्ययोजना पर भी हुआ विमर्श
- योजनाओं और कार्यक्रमों के लक्ष्य को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (न्यूज़)

इंदौर। मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने कलेक्टर्स से कहा है कि वे जिलों में सरकार के प्रतिनिधि है और शासन की प्रत्येक योजना और कार्यक्रम के क्रियान्वयन में सभी विभागों के अमले के साथ लीडर की भूमिका निभाकर सर्वश्रेष्ठ परिणाम दें। उन्होंने ग्रामीण विकास के लिए जिला पंचायत और नगरीय क्षेत्र के विकास योजनाओं के लिए स्थानीय प्रशासन के साथ उत्कृष्ट समन्वय बनाकर कार्य करने की जरूरत बताई। मुख्य सचिव ने कहा कि टीम के रूप में काम करने में ही परिणाम आयेंगे और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए सेक्टर बनाकर माह में कम से कम दो बैठक कर लंबित योजनाओं और कार्यक्रम के क्रियान्वयन में शतप्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव श्री जैन ने बुधवार को मंत्रालय में कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस के पालन प्रतिवेदन पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में समीक्षा की। कलेक्टर कमिश्नर और पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सम्मिलित हुए। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाये जाने के दृष्टिगत संबंधित विभागों को आगामी एक वर्ष की कार्य योजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गए है। इस बैठक में संभागायुक्त कार्यालय इंदौर से संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, संयुक्त आयुक्त (विकास) श्री डी.एस. रणदा सहित अन्य संबंधित अधिकारी तथा कलेक्टर कार्यालय इंदौर से कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुश्री यांगचेन डोलकर भूटिया शामिल हुए।

मुख्य सचिव श्री जैन ने सुशासन को मध्यप्रदेश शासन का मूल्य मंत्र बताया उन्होंने कहा कि नामांतरण, बटवारा और सीमांकन जैसे प्रकरणों में सौ-सौ दिन की पेंडेंसी असंतोषजनक है। उन्होंने सम्पूर्ण राजस्व प्रक्रिया ऑनलाइन होने के बावजूद इस तरह की कार्यप्रणाली को समन्वय के साथ दुरूस्त करने को कहा है। नामांतरण में मुरैना-भिंड, बटवारा के प्रकरणों में अनूपपुर और रीवा, भूमि के सीमांकन प्रकरणों में विदिशा और सतना, खसरा अपडेट में रीवा और इंदौर तथा अवैध कब्जा हटाने के मामले में भिंड और विदिशा जिलों की स्थिति अपेक्षाकृत असंतोषजनक पायी गयी है। राजस्व संग्रहण में कम वसूली को भी मुख्य सचिव ने गम्भीरता से लिया और निर्देश दिए कि टेक्नोलॉजी का लाभ लेकर राजस्व संग्रहण बढाये। उन्होंने राजस्व प्रकरणो में बटांकन के बाद रिकार्ड दुरुस्त होने के पश्चात ही प्रकरण को निराकृत मानने को कहा है। बैठक में समग्र पोर्टल में केवाईसी को इस वर्ष के अन्त तक शत-प्रतिशत करने के निर्देश दिये है।

मुख्य सचिव श्री जैन ने एमपीई सेवा पोर्टल को प्रदेश के नागरिकों के लिए सेवाओं और सुविधा की दृष्टि से रिफार्म बताते हुए कलेक्टर्स और अन्य विभागों से कहा कि मार्च अंत तक सभी 1700 सेवाएं जुड़ जाए जिससे नागरिक इस पोर्टल के माध्यम से सेवाएं प्राप्त कर सकें। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन और लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक मे बताया गया कि लोक सेवा गारंटी के तहत प्राप्त 1 करोड़ 9 लाख आवेदनों में से 1 करोड़ का निराकरण किया गया है इस मामले में निवाड़ी और बड़वानी टॉप पर जबकि मऊगंज और शिवपुरी निचले पायदान पर हैं। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि कलेक्टर संवेदनशीलता बरतें और समयअवधि बैठक में हर सप्ताह समीक्षा करें। उन्होंने निवास और आय प्रमाण पत्र, सीमांकन, अविवादित नामांतरण और जन्म के एक वर्ष पश्चात पंजीयन जैसी सेवाएं समय अवधि में निराकृत करने के निर्देश दिये। वर्तमान में 735 सेवाएं लोक सेवा गारंटी अधिनियम में अधिसूचित हैं जिनमें से 602 ऑनलाइन है शेष 133 सेवाओं को भी ऑनलाइन करने के निर्देश दिए है। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की कई शिकायतों को अटेंड नहीं किये जाने पर बैतूल, मऊगंज, शहडोल और भोपाल जिलों को सुधार करने की हिदायत दी। उन्होंने भूमि विवाद के मामलों में समय पर एफआईआर दर्ज नही करने पर सेवा में कमीं बताया और आमजन को राहत पहुंचाने वाले इन कार्यों को सर्वोच्चप्राथमिकता से करने के निर्देश दिये।

मुख्य सचिव ने कलेक्टर्स से कहा कि वे टीम भावना से काम करें और जन प्रतिनिधियों सहित आम आदमी से संवेदनशील व्यवहार रखें और यह उनकी कार्य संस्कृति में भी दिखना चाहिए । उन्होंने वन ग्राम से राजस्व ग्राम कार्य की धीमी गति पर असंतोष व्यक्त किया तथा वन भूमि का दावा कार्य में भी कम प्रगति पर कलेक्टर्स को राजस्व और वन अमले के साथ बेहतर समन्वय कर 31 मार्च तक सभी प्रकरण निराकृत करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव श्री जैन ने कृषि वर्ष 2026 के विभिन्न 10 आयाम की समीक्षा की और वैज्ञानिक विश्लेषण के आधार पर कृषि विकास के विभिन्न पहलूओं पर रणनीति बनाने के लिए कहा है। उन्होंने मिट्टी, पानी और मौसम को सटीक तकनीकी से जोड़ने और जिला स्तर पर प्लान बनाने को कहा है। उन्होंने सिंचाई सुविधाओं के निर्माण के समय आकल्पित सिंचाई क्षमता और वास्तविक सिंचाई क्षमता में अंतर होने को गम्भीरता से लिया और कहा कि राजस्व कृषि तथा जल संसाधान विभाग इस दिशा में सटीक योजना बनाकर क्रियान्वयन करें। बैठक में पराली/नरवाई जलाने पर रोक लगाने के लिए किसानों के बीच वैज्ञानिक तकनीकों के प्रसार करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रेसराईज्ड सिंचाई, परड्राप, मोरक्राप, उद्यानिकी क्लस्टर , खाद्य प्रसंस्करण, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना एक बगिया माँ के नाम, डॉ. भीमराव कामधेनु योजना की भी समीक्षा की गयी। मुख्य सचिव ने कलेक्टर्स कों सभी योजनाओं का उत्कृष्ट क्रियान्वयन के निर्देश दिए है।

स्वास्थ्य एवं पोषण अभियान की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम किये जाने के लिए कलेक्टर को निर्देश दिए कि वे माह में स्वास्थ्य विभाग के साथ कम से कम दो बार बैठक करें और स्वास्थ्य मापदंडों के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक में गर्भवती महिलाओं की एएनसी जाँच पूरी गुणवत्ता से करने और असत्य आर्कडें प्रस्तुत नहीं करने के लिए निर्देश दिये हैं। उन्होंने शिवपुरी और अशोक नगर कलेक्टर को स्थिति में सुधार लाने को कहा है। बैठक में इस बात पर भी चिंता व्यक्त की गयी कि नवविवाहित महिलाओं के समग्र आईडी नहीं बनने से स्वास्थ्य सेवाओं से वह वंचित रह जाती है। बैठक में भिंड और ग्वालियर में भी स्वास्थ्य सेवाओं की अपेक्षाकृत स्थिति ठीक नहीं होने पर असंतोष व्यक्त किया गया है। बैठक में कुपोषण की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

मुख्य सचिव ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिये कि वे नगरीय निकायों से बेहतर समन्वय कर यह सुनिश्चत करें कि इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी जैसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं हों। उन्होंने कहा कि सभी कलेक्टर सही रिपोर्ट देने की संस्कृति विकसित करें। नगरीय विकास विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने प्रदेश में चलाये जा रहे पट्टा वितरण अभियान में समय अवधि के साथ सभी कार्यवाही पूर्ण करने को कहा है। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन और अमृत अभियान के कार्यों को गुणवत्ता से पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने छतरपुर और मुरैना जिलों को स्वच्छ पेय जल पर विशेष ध्यान देने को कहा है। मुख्य सचिव ने 3000 पेयजल टंकियों की सफाई और पाइप-लाइन लीकेज सुधार कार्य पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने पी.एम स्वनिधि, नगरीय यातायात व्यवस्था, नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम, पी.एम ई-बी बस सेवा तथा गीता भवन योजना आदि की भी समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में कहीं भी एंटी-रेबीज इंजेक्शन की कमी नहीं है।

मुख्य सचिव ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की और निर्देश दिए कि रोजगार गारंटी योजना, एनआरएलएम प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण सहित केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं और निर्माण कार्यों को समय अवधि में पूरा करें जिससे आवंटित राशि लेप्स नहीं हो। उन्होंने कलेक्टर और जिला पंचायत के सी.ई.ओ के बीच बेहतर तालमेल की जरूरत बताई और निर्देश दिए कि जिला पंचायत के सीईओ के अवकाश पर जाने पर स्थानीय व्यवस्था करें जिससे कार्य लंबित नहीं रहें। बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की भी समीक्षा की गयी और सिंगल विलेज में 31 मार्च तक शतप्रतिशत नल से जल पहुचाने के निर्देश दिये गए। अबतक 95 प्रतिशत ऐसे गांव में कार्य पूर्ण हो चुका है। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त सहित संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव आदि उपस्थित थे।

## 8 माह पहले हुई थी शादी... नव विवाहिता ने फांसी लगाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (न्यूज़)

**इंदौर। चंदन नगर में रहने वाली एक नव विवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। चंदन पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। बताया जाता है कि सुबह परिवार जनों ने उसे फंदे पर लटके देखा था।**



पुलिस ने बताया कि गांधी पैलेस कॉलोनी में रहने वाली प्रगति पति आनंद राजपूत ने अपने घर में फांसी लगा ली। परिवार के लोगों ने बताया कि 8 माह पहले ही उसकी शादी हुई थी। प्रगति के पति चिल्ड वाटर सप्लाय का काम करता है। मंगलवार को वह घर पहुंचा तो उसने पत्नी को फंदे पर देखा। आनंद के माता-पिता परिवार के एक प्रोग्राम में गए हुए थे। पुलिस ने मामला जांच में लिया है। एमआईजी इलाके में एक बुजुर्ग की गिरने से मौत हो गई। बताया जाता है कि उन्हें आंखों से दिखता कम था। इसके चलते दूसरी मंजिल की गैलरी से नीचे गिर गए। पुलिस के मुताबिक एलआईजी में रहने वाले 70 वर्षीय जोसफ पुत्र सायमन की हादसे में मौत हो गई। रात में वह सीढ़ियों से चढ़ रहे थे। इस दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया। जोसफ के दो बेटे है। एक बेटा अलग रहता है। पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

## बदमाशों ने लगाई गाड़ियों में आग

**इंदौर। तिलक नगर इलाके में मंगलवार रात करीब 1 बजे अज्ञात बदमाशों ने तीन दोपहिया वाहनों में आग लगा दी। आग की लपटों से एक मकान के सामने का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के दौरान रहवासियों की नींद खुल गई, जिन्होंने समय रहते आग पर काबू पाया। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

तिलक नगर पुलिस ने बंगाली रोड निवासी अंजलि पति विश्वजीत राय की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ आगजनी का प्रकरण दर्ज किया है। फरियादी अंजलि ने बताया कि वह परिवार के साथ घर में सो रही थीं। तभी करीब रात 1 बजे अचानक शोर सुनाई दिया। बाहर निकलकर देखा तो घर के बाहर खड़े दोपहिया वाहनों में आग लगी हुई थी। एक्टिवा, एक बाइक और पड़ोसी की बाइक जलकर क्षतिग्रस्त हो गई। इसके अलावा उनके मकान के सामने का हिस्सा भी आग की चपेट में आ गया। पुलिस के अनुसार अंजलि और उनका



परिवार फुटवियर व्यवसाय से जुड़ा हुआ है। घटना की सूचना मिलने पर एफआरवी भी मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने अंजलि और आसपास के रहवासियों के बयान दर्ज किए हैं। जांच में यह भी पता लगाया जा रहा है कि पीड़ित परिवार का किसी से कोई विवाद तो नहीं है।

अवैध गैस रिफिलिंग पर खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई

# 15 नग गैस सिलेंडर, इलेक्ट्रिक गैस अंतरण मोटर और तौल कांटा जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जिले में अवैध रूप से गैस सिलेण्डरों के भण्डारण, रिफिलिंग एवं क्रय विक्रय करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई जारी है। इसी सिलसिले में बुधवार को दयालु नगर, खुड़ैल में खाद्य विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में गैस सिलेण्डर जप्त किये गये।**

बताया गया कि खाद्य विभाग को दयालु नगर, खुड़ैल स्थित एक रहवासी भवन में वाहनों में एलपीजी गैस अंतरण की सूचना मिली थी। मौके पर भवन मालिक मो. हुसैन उपस्थित मिले। भवन





में 14.2 किलोग्राम क्षमता के गैस सिलेंडर रखे पाए गए, जिसमें एक सिलेंडर में मोटर से लगी नली भी पाई गई। गैस सिलेंडरो का उपयोग चार पहिया वाहनों में गैस भरने में किया जा रहा था। गैस वाहनों में इलेक्ट्रिक मोटर द्वारा गैस अंतरण किये जाने के कारण 14.2 किलो ग्राम क्षमता के 12 भरे और 3 नग खाली, कुल 15 नग गैस सिलेंडर, एक नग इलेक्ट्रिक गैस अंतरण मोटर, एक नग इलेक्ट्रॉनिक तौल काटा जब्त किये गए। मकान मालिक हुसैन के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया है।

## रेलवे स्टेशन पर डॉरमेट्री में फिर मिले खटमल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। देश का स्वच्छता में नंबर-1 शहर इंदौर एक बार फिर रेलवे की लापरवाही के कारण सुर्खियों में है। इंदौर रेलवे स्टेशन की डॉरमेट्री में ठहरे एक यात्री के बिस्तर पर खटमल मिले हैं। यात्री ने इसका वीडियो बनाकर एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया।**

हालांकि, यह पहला मामला नहीं है। करीब दो महीने नवंबर में भी पहले भी इसी डॉरमेट्री में खटमलों की शिकायत सामने आ चुकी थी। इसके बावजूद रेलवे ने न तो सबक लिया और न ही व्यवस्थाओं में कोई ठोस सुधार किया। रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार को डॉरमेट्री में ठहरे यात्री दीप कुमार ने अपने एक्स हैंडल से वीडियो पोस्ट किया। वीडियो में खटमल साफ-साफ दिखाई दे रहे हैं। यात्री ने पोस्ट में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को टैग करते हुए लिखा कि यह देश का सबसे स्वच्छ शहर है, लेकिन रेलवे स्टेशन की डॉरमेट्री में खटमल हैं। पोस्ट सामने आते ही मामला सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। सूत्रों के अनुसार, वीडियो वायरल होने के बाद रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने आनन-फानन में यात्री से संपर्क किया। हालांकि सवाल यह उठता है कि जब पहले भी शिकायतें सामने आ चुकी थीं, तब समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की गई? रेलवे की क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के पूर्व सदस्य जगमोहन वर्मा ने कहा कि रेलवे लगातार लापरवाही कर रहा है, जिससे देश की छवि खराब हो रही है। उन्होंने मांग की कि ऐसे जिम्मेदार अधिकारियों या ठेकेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और व्यवस्था में तत्काल सुधार किया जाए।

## गंदे पानी से भरे गड्ढे में बिना सेफ्टी उतारा कर्मचारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। दूषित पानी पीने से बुधवार देर रात 25वीं मौत हो गई। इस बीच शहर में इंदौर नगर निगम की घोर लापरवाही एक बार फिर उजागर हो गई है। बुधवार दोपहर करीब 12 बजे जोन क्रमांक-20 में बीएसएफ के सामने पानी और ड्रेनेज लाइन के लीकेज सुधार कार्य के दौरान निगम अधिकारियों ने मानवीय सुरक्षा को पूरी तरह ताक पर रख दिया।**

घटना सामने आने के बाद स्थानीय लोगों और निगम कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। दोषी इंजीनियरों और अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग उठ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस गड्ढे में कई दिनों से



गंदा और दूषित पानी भरा हुआ था, उसी में निगमकर्मी को बिना किसी सुरक्षा उपकरण, मास्क, दस्ताने या सेफ्टी किट के उतार दिया गया। मौके पर ना गैस लीकेज चेकिंग हुई, ना किसी तरह की सुरक्षा व्यवस्था की गई। यदि गड्ढा धंस जाता, जहरीली गैस निकलती या कर्मचारी फिसलता, तो सीधा मौत का खतरा था। बावजूद इसके, जिम्मेदार अधिकारी तमाशबीन बने रहे। यह घटना साफ दिखाती है कि नगर निगम कर्मचारियों की जान की कीमत अधिकारियों के लिए कुछ भी नहीं है।

ड्रेनेज और सीवर से जुड़े कार्यों में सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य है, लेकिन यहां हर नियम को रौंद दिया गया। यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि सीधे-सीधे कर्मचारियों की जान से खिलवाड़ है। इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से मौतों का सिलसिला जारी है। अब तक 25 मौत हो चुकी है। अभी 38 मरीज एडमिट हैं, जिनमें से 10 आईसीयू में हैं। इनमें भी तीन वेंटिलेटर पर हैं। लगातार हो रही मौतों को लेकर अभी भी क्षेत्र में दहशत है।

## ई एस आई एस द्वारा श्रमोदय विद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं छात्रों के लिए सेनेटरी नैपकिन भेंट किए गए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं इंदौर द्वारा शासकीय आवासीय श्रमोदय विद्यालय बेटमा खुर्द में श्रममंत्री प्रहलाद पटेल की श्रीपहल योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।**

यह जानकारी ई एस आई एस के संचालक डॉक्टर चंद्रशेखर जायसवाल ने दी उन्होंने बताया कि 139 छात्र-छात्राओं का वजन ,ऊंचाई, विजन एवं सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आवश्यकता अनुसार सभी को दवाइयां एवं उचित परामर्श दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं के लिए प्राचार्य श्रीमती सीमा सलवा को सेनेटरी नैपकिन



भेंट किए गए। स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत लड़कियों के विकास क्रम पर डॉ केशर कटारे ने चर्चा की, प्रदीप जोशी ने स्वास्थ्य प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी दी। स्वास्थ्य परीक्षण दल में डॉक्टर महिमा मसीह, डॉक्टर केशर कटारे, एम ए अंसारी रवि चौहान, संजय राठौर, मंजू को, शिववती पटेल, फूला मंडलोई आदि शामिल थे। इस अवसर पर विद्यालय की रिचा पाठक, सुमित्रा परासिया, अरुण भदौरिया, राम शरण सिंह भी उपस्थित थे।

## बाल विवाह की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए जिला स्तरीय दल गठित

**कंट्रोल रूम भी बनाया गया**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जिले में बाल विवाह की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिये व्यापक इंतजाम किये जा रहे है। बाल विवाह करने वालों के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जायेगी। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग इंदौर द्वारा बाल विवाह के रोकथाम एवं नियंत्रण की कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तरीय दलों का गठन किया गया है। जिला स्तर पर गठित दो दलों में कुल 9 सदस्य शामिल किए गए हैं। गठित दलों द्वारा बाल विवाह के संबंध में प्राप्त शिकायतों का तत्परता के साथ निराकरण तथा कार्रवाई की जाएगी। बाल विवाह कहीं भी न हो यह सुनिश्चित किया जायेगा। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती मधुमती सिरोले ने बताया कि जिले में बसंत पंचमी के अवसर पर विभिन्न समाजों द्वारा बड़ी संख्या में विवाहो का आयोजन किया जाता है। इन आयोजनों में यदा-कदा बाल विवाह होने की आशंका रहती है। जिले में बाल विवाह के संबंध में सूचना देने के लिए कलेक्टोरेट इंदौर में महिला एवं बाल विकास विभाग के रूम नम्बर - 208 में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इस संबंध में सूचना कंट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 0731-2360181 पर सूचना दी जा सकती है। कंट्रोल रूम पर संबंधित प्रभारी अपने दल के साथ मौजूद रहकर आवश्यकतानुसार बाल विवाह की शिकायतों पर उचित कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव और मालदीव के मंत्री मोहम्मद सईद के बीच दावोस में हुई वार्ता

## पर्यटन और बहु-क्षेत्रीय सहयोग को लेकर बनी सहमति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम-2026 के अवसर पर दावोस में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मालदीव के आर्थिक विकास एवं व्यापार मंत्री श्री मोहम्मद सईद से वन-टू-वन चर्चा की। बैठक में पर्यटन को साझा आधार बनाते हुए चिकित्सा, शिक्षा, वन्य जीव संरक्षण और सांस्कृतिक आदान-प्रदान सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने पर विचार किया गया।**




दावोस में आयोजित इस द्विपक्षीय बैठक के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश और मालदीव के बीच कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहाँ परस्पर पूरक क्षमताओं के आधार पर दीर्घकालिक साझेदारी विकसित की जा सकती है। उन्होंने विशेष रूप से चिकित्सा पर्यटन, मत्स्य पालन, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, वन्य जीव संरक्षण और सांस्कृतिक गतिविधियों को सहयोग के प्रमुख आयाम बताया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की समृद्ध जैव-विविधता, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वन्य जीव अभयारण्य, तेजी से उभरता मेडिकल इन्फ्रॉस्ट्रक्चर और सांस्कृतिक विरासत राज्य को वैश्विक सहयोग के लिए एक सक्षम भागीदार बनाते हैं। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि पर्यटन आधारित सहयोग से निवेश, कौशल विकास और लोगों के बीच संपर्क को मजबूती मिलेगी। मालदीव के आर्थिक विकास एवं व्यापार मंत्री श्री मोहम्मद सईद ने पर्यटन को दोनों क्षेत्रों के बीच स्वाभाविक और सशक्त सेतु बताया। उन्होंने कहा कि मालदीव, मध्यप्रदेश के साथ मिलकर पर्यटन, मानव संसाधन विकास और अनुभव साझा करने के अवसरों को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक है। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने आपसी संवाद को संस्थागत रूप देने, प्रतिनिधिमंडल स्तर के दौरों को प्रोत्साहित करने और सहयोग के ठोस रोडमैप पर आगे बढ़ने पर सहमति व्यक्त की। दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के मंच पर हुई यह बातचीत अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखी जा रही है।

## घर में घुसकर युवती की हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** ग्वालियर में एक युवती की घर में घुसकर बेरहमी से गला रेतकर हत्या कर दी गई। युवती का शव कमरे में खून से लथपथ हालत में मिला है। घटना के वक्त युवती घर पर अकेली थी, इसी दौरान आरोपी घर की दीवार फांदकर अंदर घुसा और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। पुलिस को दीवार के पास आरोपी के पैरों के निशान मिले हैं। जिस युवती की हत्या की गई है उसकी दो महीने बाद शादी होने वाली थी।गिरवाई थाना क्षेत्र स्थित छोटे बाबा पहाड़ी पर रहने वाली 20 वर्षीय निशा कुशवाह, जिसकी शादी महज दो महीने बाद 20 अप्रैल को तय थी, उसे धारदार हथियार से गला रेतकर और फिर सिर पर पत्थर से कुचलकर मौत के घाट उतार दिया गया। वारदात के वक्त घर पर कोई नहीं था, जिससे हत्यारे को वारदात को अंजाम देने का मौका मिल गया। पुलिस को आशंका है कि हत्या के पीछे जेवर लूटने का मकसद हो सकता है, क्योंकि युवती के शरीर पर उसकी सगाई में मिले सोने के आभूषण गायब है। घटना के वक्त निशा की मां काम करने के लिए बाहर गई थी और भाभी बच्चे को टीका लगवाने के लिए गई थी। शाम को जब मां लौटीं, तो बेटी का रक्तरंजित शव कमरे में पड़ा मिला।

## केंद्रीय मंत्री शिवराज दादा बने, कार्तिकेय के घर जन्मी बेटी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान दादा बन गए हैं। बुधवार को ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (एम्स), दिल्ली में शिवराज के बड़े बेटे कार्तिकेय की पत्नी अमानत ने बेटी को जन्म दिया है। शिवराज ने बच्ची के जन्म से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने लिखा- हमारे घर आज लाडली लक्ष्मी आई है। कार्तिकेय पिता बन गए, अमानत मां। कोकिला (साधना) अब दादी जी हैं और मैं दादा। कुणाल और ऋद्धि चाचा और चाची। अनुपम जी नाना, रूचिता जी नानी और आर्यन मामा। 2025 में हमारे घर दो बेटियां आईं- अमानत और ऋद्धि। 2026 में फिर बेटी इला का शुभ आगमन हुआ। स्वागतम् लक्ष्मी साधना-शिवराज।

## धीरेन्द्र शास्त्री के खिलाफ भोपाल पुलिस कमिश्नर से शिकायत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** कथावाचक पंडित धीरेंद्र शास्त्री के बयानों को लेकर भोपाल पुलिस कमिश्नर से शिकायत कर एफआईआर दर्ज करने दलित पिछड़ा समाज संगठन ने आवेदन दिया है। दलित पिछड़ा समाज संगठन (DPSS) ने कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री के विरुद्ध गंभीर, समाज और मानव जीवन के लिए घातक अपराधों के संबंध में FIR दर्ज किए जाने की मांग की है। संगठन ने इस संबंध में मध्यप्रदेश के पुलिस महानिदेशक (DGP) और भोपाल पुलिस कमिश्नर को अलग-अलग लिखित शिकायतें सौंपी हैं। DPSS ने अपने आवेदन में कहा है कि स्थानीय स्तर पर शिकायतों पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं होने के कारण भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS), 2023 की धारा 173(4) के अंतर्गत यह शिकायत की गई है। धीरेन्द्र शास्त्री पर एफआईआर दर्ज की जाए। दलित पिछड़ा समाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और भीम आर्मी के राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य दामोदर यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा- हमारे कार्यकर्ताओं ने डीजीपी और पुलिस कमिश्नर को प्रमाण के साथ धीरेन्द्र शास्त्री की शिकायत की है। क्यू आर कोड के रुप में वो वीडियो सबूत के तौर पर दिए हैं जो उनके चैनल्स पर डले हुए हैं।



दामोदर यादव ने कहा- हमने यह मांग की है कि धीरेन्द्र शास्त्री सांप्रदायिकता, छुआछूत और अंधविश्वास फैला कर लोगों को मेडिकल साइंस से दूर कर रहे हैं इससे लोगों की जान जा रही है। ये धारा 196-197, 202-272 सहित तमाम धाराओं में के तहत अपराध है। उनके खिलाफ कार्रवाई और एफआईआर होनी चाहिए। पुलिस अधिकारियों ने हमें आश्वासन दिया है कि इसकी जांच करके दो दिन में कार्रवाई करेंगे। अन्यथा हम हाईकोर्ट जबलपुर के जरिए धीरेन्द्र शास्त्री के खिलाफ कार्रवाई कराने का काम करेंगे।

## वकील से शादी करने वाली महिला के निकले 4 पति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** भोपाल में एक वकील की पत्नी के 4 पति निकले। महिला ने ये बात वकील से छिपा रखी थी। जब इसका खुलासा हुआ तो वकील कोर्ट पहुंच गया। मामले में जिला अदालत ने महिला को 2 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। जिला न्यायालय भोपाल में प्रैक्टिस करने वाले वकील तबरेज उल्लाह ने बताया कि 27 मई 2022 को उनका निकाह हसीना से हुआ था। हसीना ने बताया था कि पूर्व में सलमान नाम के शख्स से उसकी शादी हुई थी। उससे तलाक हो चुका है। शादी के एक से डेढ़ महीने बाद ही महिला का व्यवहार बदल गया। आए दिन झगड़े होने लगे। हसीना के साथ उसकी बेटियां भी आकर रहने लगीं। घर में लगातार विवाद होने से वकील और उनके भाई तनाव में रहने लगे। मानसिक रूप से टूट चुके भाई ने सुसाइड कर लिया। इसके बाद वकील ने महिला के बारे में पड़ताल की। पता चला कि महिला कई शादियां कर चुकी है। इसके बाद वकील ने कोर्ट में परिवाद दायर किया। वकील ने महिला का बैकग्राउंड पता किया तो उसमें सामने आया कि इससे पहले उसने 4 शादियां की थी। इनमें शमशेर, मतलूब हसन, सलमान और साबिर से उसका निकाह हुआ था। कोर्ट में ट्रायल के दौरान यह भी सामने आया कि महिला ने अपने किसी भी पूर्व पति से वैधानिक तलाक के दस्तावेज पेश नहीं किए। शादियां करती गई और नए पति से सच्चाई छिपाई रखी। 19 जनवरी को कोर्ट ने अपने फैसले में महिला को दो साल की जेल की सजा सुनाई।

## हम अपनी सुरक्षा खुद करेंगे...

# आदिवासी-हरिजन किसान पुलिस की वर्दी पहनकर पहुंचे कलेक्ट्रेट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीधी, एजेंसी। जिले के कलेक्ट्रेट कार्यालय में मंगलवार दोपहर कई बुजुर्ग आदिवासी-हरिजन किसान पुलिस की वर्दी पहनकर परिसर में दाखिल हुए। उन्होंने खुद को सैनिक बताते हुए दावा किया कि उनकी नियुक्ति नई दिल्ली से हुई है और वे अपने समाज की सुरक्षा के लिए संगठित होकर काम कर रहे हैं। इन किसानों ने अपर कलेक्टर बीपी पांडे से मुलाकात कर अपनी मांगों से संबंधित एक पत्र सौंपा।**



संगठन के क्षेत्र उपाध्यक्ष छोटेलाल सिंह टेकाम ने बताया कि खेतों में वे किसान होते हैं, लेकिन खेत से बाहर निकलने पर समस्याओं में उनकी मदद करने वाला कोई नहीं होता। इसी कारण हरिजन और आदिवासी समाज के लोग मिलकर संगठन के माध्यम से अपनी सुरक्षा खुद करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर प्रशासन उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं देगा, तो वे स्वयं प्रशासन तक अपनी बात पहुंचाएंगे और जरूरत पड़ने पर कोर्ट और हाईकोर्ट का दरवाजा भी खटखटाएंगे। जिला मंत्री पन्नालाल सिंह मरावी ने जानकारी दी कि ये वर्दियां उन्हें संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष राजमाता फुलवा देवी ने नई दिल्ली से दी हैं। उनके अनुसार, जिले के दायित्व संगठन के सदस्यों को सौंपे गए हैं। मरावी ने कहा कि अत्याचार, भ्रष्टाचार और आपसी लड़ाई-झगड़ों को खत्म करना संगठन की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि फिलहाल सिंगरौली जिले में 400 वर्दीधारी कार्यकर्ता बनाए जा चुके हैं, जबकि सीधी जिले से अभी 15 कार्यकर्ता जुड़े हैं, जो वर्दी पहनकर कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। अपर कलेक्टर बीपी पांडे ने संगठन को स्पष्ट चेतावनी दी कि उनकी संस्था फिलहाल पंजीकृत नहीं है। उन्होंने कहा कि संगठन कोई भी अवैधानिक कार्य नहीं कर सकता और कानून हाथ में लेने का अधिकार किसी को नहीं है। पांडे ने यह भी कहा कि संगठन शांतिपूर्वक लोगों को समझा सकता है और उनकी बातें प्रशासन तक रख सकता है, लेकिन बिना पंजीकरण किसी भी संस्था की मान्यता नहीं है।

## लाखों लोगों को औषधि पिलाई जाएगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**विदिशा, एजेंसी।** में बसंत पंचमी के पावन पर्व पर 23 जनवरी, शुक्रवार को एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महामुनिराज के द्वितीय समाधि दिवस के उपलक्ष्य में सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा लगभग एक लाख लोगों को 'विद्याब्राह्मी कल्प' नामक आयुर्वेदिक औषधि का निःशुल्क सेवन कराया जाएगा। समाज के प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया कि यह आयोजन विद्यानिधि आचार्य समयसागर महाराज के आशीर्वाद और निर्यापक श्रमण मुनि सम्भवसागर महाराज के संघ सान्निध्य में हो रहा है। इसका उद्देश्य सेवा और स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है।

## संपादकीय

## भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता: दोस्ती की मिठास और टैरिफ की कड़वाहट

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को विश्वास जताया कि अमेरिका और भारत प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (BTA) पर एक अच्छा समझौता करेंगे। दावोस में विश्व आर्थिक मंच की 56वीं वार्षिक बैठक को संबोधित करने के बाद ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए उन्हें अपना करीबी दोस्त और एक सम्मानित वैश्विक नेता बताया। ये बयान ऐसे समय आए हैं जब भारत और अमेरिका टैरिफ को लेकर जटिल बातचीत कर रहे हैं। हाल के महीनों में आर्थिक तनाव बढ़ा है और भू-राजनीतिक मुद्दों ने दबाव को और बढ़ा दिया है। दरअसल, ट्रंप ने दूसरे कार्यकाल के दौरान भारत पर कड़े टैरिफ लगा दिए और पीएम मोदी को अपना अच्छा दोस्त भी बताते रहे हैं। ऐसे में भारत भी सधे कदमों से ट्रेड डील को लेकर अपने कदम बढ़ा रहा है। वह ऐसे बयानों के झांसे में नहीं आने वाला है। स्विट्जरलैंड के दावोस में व्यापार वार्ता की प्रगति के बारे में पूछे जाने पर भारतीय मीडिया से ट्रंप ने कहा-मैं आपके प्रधानमंत्री का बहुत सम्मान करता हूं। वे एक शानदार व्यक्ति और मेरे दोस्त हैं, और हम एक अच्छा समझौता करेंगे। प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर पहली बार प्रधानमंत्री मोदी की फरवरी 2025 में वॉशिंगटन यात्रा के दौरान चर्चा हुई थी। इस प्रस्ताव का लक्ष्य दोनों देशों के बीच व्यापार को वर्तमान लगभग 191 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर 2030 तक 500 अरब अमेरिकी डॉलर करना है, जो दोगुने से भी अधिक है। अमेरिका वर्तमान में कई भारतीय निर्यातों पर 50% तक का शुल्क लगाता है, जिसमें रूस से तेल खरीद के साथ-साथ भारत के उससे संबंध और ब्रिक्स संघ में भारत की भागीदारी से जुड़े उपाय भी शामिल हैं। भारत ने इसके जवाब में अमेरिका से आयातित कृषि उत्पादों पर चुनिंदा जवाबी शुल्क लगाए हैं। हाल ही में अमेरिकी दालों पर भारत के टैरिफ को कम करने को लेकर दो अमेरिकी सीनेटरों ने ट्रंप को पत्र भी लिखा था। अमेरिका द्वारा लगाए गए 50% शुल्क के बावजूद, भारत का अमेरिका को निर्यात स्थिर बना हुआ है। दिसंबर में, माल निर्यात 6.89 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष के 7.01 अरब डॉलर और नवंबर के 6.98 अरब डॉलर से थोड़ा ही कम है। हाल ही में भारत के वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि बातचीत कभी रुकी नहीं है और दोनों पक्ष इसमें लगे हुए हैं। उन्होंने कहा था कि दिसंबर के आखिरी सप्ताह में वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर के साथ लंबित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक वर्चुअल बैठक की। दिसंबर में एक अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली का दौरा किया। भारत में नए अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने भी 14 जनवरी को अपना कामकाज संभालने के बाद ट्रेड डील को लेकर उम्मीद जताई थी। वहीं, 13 जनवरी को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से व्यापार, महत्वपूर्ण खनिजों, परमाणु सहयोग, रक्षा और ऊर्जा के मुद्दों पर बात की थी। ट्रंप अक्सर पीएम मोदी को अपना अच्छा दोस्त बताते रहे। और फिर कड़े टैरिफ लगाते रहे। वह 500 फीसदी टैरिफ लगाने की भी धमकी दे चुके हैं। पीएम मोदी भी बीते साल भर से ट्रंप के इस झांसे में नहीं आए। यहां तक कि खुद अमेरिका ने भी यह बात मानी। हाल ही में अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लटनिक ने सुझाव दिया कि व्यापार समझौता इसलिए रुका क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी ने तीन सप्ताह के भीतर ट्रंप को फोन नहीं किया। विदेश मंत्रालय ने इस दावे को गलत बताया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा-भारत और अमेरिका पिछले साल 13 फरवरी से द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत करने के लिए प्रतिबद्ध थे कई मौकों पर हम समझौते के बेहद करीब पहुंचे हम दो पूरक अर्थव्यवस्थाओं के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते में रुचि रखते हैं और इसे जल्द से जल्द पूरा करने की उम्मीद करते हैं। अमेरिका द्वारा भारतीय आयात पर 50% टैरिफ लगाए जाने के बावजूद अमेरिका को होने वाला निर्यात स्थिर बना हुआ है। दिसंबर में, भारत का अमेरिका को होने वाला माल निर्यात 6.89 अरब डॉलर रहा, जबकि पिछले साल दिसंबर में यह 7.01 अरब डॉलर और नवंबर में 6.98 अरब डॉलर था। अमेरिकी बाजार में जिन उत्पादों पर दबाव है, वे हैं कपड़ा और आभूषण, चमड़ा और समुद्री उत्पाद, जहां निर्यातक ग्राहकों को बनाए रखने के लिए लाभ में कटौती कर रहे हैं। इन श्रेणियों के कई निर्यातकों का कहना है कि टैरिफ कम करने वाले व्यापार समझौते के अभाव में वे इस रास्ते पर लंबे समय तक नहीं चल पाएंगे। साथ ही व्यापार वार्ता में बड़ी अड़चन अमेरिका के डेयरी प्रोडेक्ट्स और एग्रीकल्चर प्रोडेक्ट्स भी हैं, जिन पर भारत अमेरिका के आगे झुकने को तैयार नहीं है। दरअसल, भारत अपने किसानों और दूध उत्पादकों के हितों से कोई समझौता नहीं करना चाहता है।

## धर्म-कर्म

# गुरु बनाना है आवश्यक

## ईश्वर को भी बना सकते हैं अपना गुरु, गुरु कृपा से हर बाधा का होता है शमन



जब हम अन्तर्मन से अपने इष्ट को अथवा किसी भी संत आदि को अपना गुरु बनाते हैं, तो उनकी शक्ति हमारे अन्तर्मन में जागृत हो जाती है, जिसके प्रभाव से जीवन की राह में आने वाली बाधाओं का शमन होने लगता है। बाधा दूर होने से व्यक्ति शीघ्र ही प्रगति के पथ पर बढ़कर समाज में नाम-सम्मान, सुख- शांति प्राप्त करता है। भगवान राम, भगवान शिव अथवा जिसको भी आप अन्तर्मन से पूर्ण श्रद्धा के साथ मानते हैं, उस ईश्वरीय शक्ति को गुरु बनाने की सरल विधि।

### भगवान को गुरु बनाने की सरल विधि

आंखें बंद करके आराम से सुखासन में बैठ जायें, भगवान से अन्तर्मन में कहें, 'हे भगवान, मैं आपको अपना गुरु बनने का आग्रह कर रहा हूं, आप मुझे शिष्य के रूप में स्वीकार करें। दोनों ऊपर हाथ उठाकर ब्रह्मांड की तरफ देखते हुए नौ बार घोषणा करें और कहें, 'अखिल ब्रह्माण्ड में मैं (अपना नाम और गोत्र का उच्चारण करके कहें) यह घोषणा करता/करती हूं कि अमुक भगवान आज से मेरे गुरु हैं, मैं उनका शिष्य हूं।' इस प्रकार जिस भगवान को गुरु बनाना चाहते हैं, उनका नाम नौ बार लेकर कहें कि वे आपके गुरु हैं। जैसे अगर आप भगवान शिव को गुरु बनाना चाहते हैं तो संकल्प पूर्वक कहें कि, 'शिव मेरे गुरु हैं, मैं उनका शिष्य हूं, शिव मेरे गुरु हैं मै उनका शिष्य हूँ,' इस प्रकार नौ बार कहें। आपने जिस भी देवी अथवा देवता को अपना गुरु बनाया है, उनसे प्रतिदिन निवेदन करें कि, 'हे प्रभु आप मेरे गुरु हैं, मैं आपका शिष्य हूं, मुझ शिष्य पर दया करें, मेरा कल्याण करें और मुझे सही तथा गलत का भेद करने तथा सही गलत में अन्तर समझने की सद्बुद्धि प्रदान करें।'

जब हम अन्तर्मन से अपने इष्ट को अपना गुरु बनाते हैं तो इष्ट की शक्ति हमारे अन्तर्मन में जागृत हो जाती है, जिसके प्रभाव से जीवन की राह में आने वाली बाधाओं का शमन होने लगता है। बाधा दूर होने से व्यक्ति शीघ्र ही प्रगति के पथ पर बढ़कर समाज में नाम-सम्मान, सुख-शांति प्राप्त करता है।

आप किसी मानव तनधारी को भी अपना गुरु बना सकते हैं, जिस पर आप पूर्ण श्रद्धा-विश्वास रखते हों, जिसकी कही हुई बात का अनादर कभी न करें, यानि गुरु का वाक्य शिष्य के लिए आदेश होता है। जब शिष्य अर्जुन की तरह कृष्ण को कुरुक्षेत्र में गुरु बनाकर बिना तर्क-वितर्क किए गुरु की बात को शत-प्रतिशत मानता है, तो महाभारत जैसे संग्राम में शिष्य विजय का परचम फहराता है।

गुरु बनाने के बाद उसी दिन से जीवन बदलने लगता है। गुरु को साक्षी बनाकर शुरु किये कार्यों में रुकावटें नही आतीं, इसलिये जो भी काम करें उसके लिये गुरु को पहले साक्षी बना लें और कहें, 'हे गुरुदेव मैं आपका शिष्य हूं, आपको साक्षी बनाकर ये कार्य करने जा रहा हूं, कार्य की इसकी सफलता के लिए आप मुझे दैवीय सहायता और सुरक्षा प्रदान करें।

# 4 महत्वपूर्ण योगों में बसंत पंचमी, मां सरस्वती की आराधना के लिए ये 3 मुहूर्त फलदायी

ज्ञान व विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा शुक्रवार को पूरे श्रद्धा और आस्था के साथ मनाई जाएगी। सरस्वती पूजा को लेकर स्कूल, कॉलेज, शिक्षण संस्थानों के साथ-साथ घर और मोहल्लों में मां सरस्वती की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। शहर के विभिन्न कॉलेजों और छात्रावासों के साथ मोहल्लों में भी पंडाल निर्माण, साज-सज्जा और प्रतिमा स्थापना को लेकर तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। इस वर्ष बसंत पंचमी का पर्व अत्यंत शुभ संयोगों में संपन्न होगा। 23 जनवरी, शुक्रवार को मनाई जाने वाली बसंत पंचमी पर चार महत्वपूर्ण योग-सर्वार्थ सिद्धि योग, रवि योग, शिव योग और महासिद्धि योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है। ज्योतिषाचार्य पं. शरद चंद मिश्र ने बताया कि इन योगों में मां सरस्वती की उपासना शुभकारी है।

### वसंत पंचमी पर महासिद्धि योग समेत कौन-कौन से योग

23 जनवरी को सूर्योदय प्रातः 6 बजकर 38 मिनट पर होगा। माघ शुक्ल पंचमी तिथि का मान पूरे दिन रहेगा और रात्रि 12 बजकर 8 मिनट तक प्रभावी रहेगा। सर्वार्थ सिद्धि योग पूरे दिन एवं रात्रि पर्यंत रहेगा, जबकि प्रातः 9 बजकर 14 मिनट के बाद महासिद्धि योग बन रहा है। ज्योतिषाचार्य पं. नरेंद्र उपाध्याय ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जिस दिन पूर्वाह्न में पंचमी तिथि होती है, उसी दिन बसंत पंचमी का पर्व मनाया जाता है। यह पर्व ऋतुराज बसंत के आगमन का प्रतीक है। बसंत पंचमी को श्री पंचमी भी कहा जाता है। इस दिन विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा की जाती है।



### मां सरस्वती की आराधना के लिए ये मुहूर्त फलदायी

वसंत पंचमी का आरंभ 22 जनवरी गुरुवार की रात 1:30 बजे से होगा, जो 23 जनवरी की रात 12:22 बजे तक रहेगा। उदय तिथि मान्य होने के कारण शुक्रवार को सरस्वती पूजा मनाया जाएगा। सरस्वती पूजा के दिन तीन विशेष शुभ मुहूर्त है, जिनमें पूजा करने से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। पहला मुहूर्त सुबह 7:13 बजे से दोपहर 12:33 बजे तक रहेगा। दूसरा अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:11 बजे से 12:54 बजे तक होगा। वहीं तीसरा अमृतकाल मुहूर्त जो सुबह 9:31 बजे से 11:05 बजे तक रहेगा। इन मुहूर्तो में मां सरस्वती की आराधना करना विशेष फलदायी माना जाता।

New Delhi

# रेलवे की बंपर कमाई, वंदे भारत स्लीपर पहली दौड़ में ही हाउसफुल, 24 घंटे में टिकटें खत्म

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** असम के कामाख्या और पश्चिम बंगाल के हावड़ा के बीच चलने वाली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन रेलगाड़ी (रेलगाड़ी संख्या 27576) की पहली व्यावसायिक यात्रा को यात्रियों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। इस ट्रेन के सभी श्रेणियों की टिकट बुकिंग शुरू होने के बाद 24 घंटे से कम समय में ही बिक गई। रेलवे ने मंगलवार को बताया कि 22 जनवरी को कामाख्या से चलने वाली वंदे भारत शयनयान रेलगाड़ी में यात्रा के लिए पीआरएस और अन्य साइटों के माध्यम से टिकट बुकिंग शुरू होने के कुछ ही घंटों के भीतर सभी सीटें बुक हो गईं। सीटों की इतनी जल्दी बुकिंग होना



यात्रियों की उस उत्सुकता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।

गौरतलब है कि अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित देश की पहली वंदे भारत शयनयान को 17 जनवरी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। रेलवे के अनुसार, यह रेलगाड़ी 22 जनवरी से कामाख्या से और 23 जनवरी से हावड़ा से अपनी पहली व्यावसायिक यात्रा शुरू करेगी। एजेंसी वार्ता की रिपोर्ट के अनुसार, इस नई रेल सेवा के लिए टिकट बुकिंग 19 जनवरी को सुबह 8:00 बजे शुरू हुई और 24 घंटे से भी कम समय में सभी श्रेणियों के टिकट पूरी तरह बिक गए। कामाख्या-हावड़ा वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस से पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत के बीच यातायात में काफी सुधार होने की उम्मीद है।

Manipur

## कुकी पत्नी के पास छुट्टी बिताने आया था मैतेई पति, हथियारबंद गुंडों ने अपहरण के बाद की हत्या



**गुवाहाटी, (एजेंसी)** मणिपुर में जारी अशांति के बीच एक और बेहद डरावनी और दुखद घटना सामने आई है. चुराचांदपुर जिले में एक मैतेई युवक का अपहरण करने के बाद उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई. इस नृशंस वारदात का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसने पूरे राज्य में तनाव और आक्रोश पैदा कर दिया है.

वीडियो से मिली हत्या की जानकारी चुराचांदपुर के पुलिस अधीक्षक (SP) ने आजतक को बताया कि पुलिस को इस जघन्य घटना की जानकारी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो के माध्यम से मिली. यह वीडियो विचलित कर देने वाला है.

वीडियो में सशस्त्र हमलावर युवक की बेरहमी से हत्या करते दिखाई दे रहे हैं. पुलिस ने इस मामले में तत्काल संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है और दोषियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है. पूरी घटना का घटनाक्रम मृतक की पहचान मयंगलांबम के रूप में हुई है, जो मूल रूप से काकचिंग खुनौ का रहने वाला था. मैतई समूह द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मयंगलांबम नेपाल में काम करता था और हाल ही में छुट्टी पर घर आया था. उसकी पत्नी चिनू हाओकिप (कुकी समुदाय से) ने अपने पति को कुछ दिनों के लिए अपने साथ रहने हेतु स्थानीय अधिकारियों और KNO से पूर्व अनुमति ली थी.

Bihar

## पटना के मसौढ़ी में एनकाउंटर, लॉरेंस बिश्नोई के गुर्गे को पुलिस ने मारी गोली

**पटना, (एजेंसी)** बिहार की राजधानी पटना के मसौढ़ी में एनकाउंटर हुआ है। पुलिस ने कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग के एक सदस्य को गोली मारी है। इस मुठभेड़ में लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य घायल हो गया है। बदमाश का नाम परमानंद यादव बताया जा रहा है। बताया जाता है कि परमानंद यादव तीन दर्जन से भी ज्यादा मामले दर्ज हैं। परमानंद यादव बिहार में लॉरेंस बिश्नोई गैंग का अहम हैंडलर बताया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, परमानंद यादव यहां अपने आका के लिए काम करता था और गैंग की गतिविधियों को संचालित करता था। परमानंद यादव के पैर में गोली लगी है। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बुधवार की देर रात मसौढ़ी में यह एनकाउंटर हुआ है। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने पूरे मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। मसौढ़ी थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे 22 ताला बीघा गांव के नजदीक परमानंद यादव आया हुआ था। कहा जा रहा है कि पुलिस को यह गुप्त सूचना मिली थी कि लॉरेंस का गुर्गा पटना में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए आया हुआ है। इसके बाद पुलिस ने उसे घेरा।

Karnataka

## बंगलूरू हवाई अड्डे पर कोरियाई महिला से छेड़छाड़, एअर इंडिया स्टाफ ने गलत तरीके से छुआ, गले लगाया

**बंगलूरू, (एजेंसी)** बंगलूरू के केम्पेगौड़ा हवाई अड्डे से एअर इंडिया एयरलाइंस के ग्राउंड स्टाफ को दक्षिण कोरियाई महिला से छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। दक्षिण कोरिया की 32 वर्षीय व्यवसायी महिला ने आरोपी पर यौन शोषण के आरोप लगाए थे। महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि आरोपी ने उसे तलाशी के नाम पर गलत तरीके से छुआ और गले लगाया।

पीड़ित महिला ने बताया कि वह बीते साल नवंबर में पर्यटक वीजा पर भारत आई थी और सोमवार को अपने देश लौट रही थी। बंगलूरू के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-2 पर सीआईएसएफ की तलाशी और आव्रजन प्रक्रिया के बाद एक व्यक्ति उसके पास आया।



उसने खुद को हवाई अड्डे का कर्मचारी बताया और बोर्डिंग पास चेक किया। आरोपी ने महिला से कहा कि उनके चेक इन बैगेज में कोई समस्या है और दोबारा जांच करनी होगी। इसके बाद आरोपी ने पीड़िता की तलाशी (मैनुअल फ्रिस्किंग) लेने की बात कही।

खेल

# भारतीय टीम ने जीता पहला टी20 मुकाबला, 190 रन ही बना सकी न्यूजीलैंड, अभिषेक के बाद शिवम-वरुण चमके

**नागपुर।** भारत ने 48 रन से न्यूजीलैंड को पहले टी20 मुकाबले में हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली। बुधवार को नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने अभिषेक शर्मा (84) और रिंकू सिंह (44*) की तूफानी पारियों की मदद से 20 ओवर में सात विकेट पर 238 रन बनाए। यह टी20 अंतराष्ट्रीय में भारत का इस टीम के खिलाफ सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले भारतीय टीम ने 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 234/4 का स्कोर बनाया था। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम निर्धारित ओवरों में सात विकेट पर 190 रन ही बना पाई। उनके लिए ग्लेन फिलिप्स ने 78 रनों की पारी खेली। वहीं, भारत के लिए वरुण चक्रवर्ती और शिवम दुबे ने दो-दो विकेट लिए जबकि अर्शदीप सिंह, हार्दिक पांड्या और अक्षर पटेल ने एक-एक सफलता अपने नाम की।




239 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम पर शुरू से ही दबाव साफ नजर आया। शुरुआती ओवरों में भारतीय गेंदबाजों ने सटीक लाइन-लेंथ से रन गति पर अंकुश लगाया और नियमित अंतराल पर विकेट चटकाए। अर्शदीप सिंह और हार्दिक पांड्या ने शुरुआती झटके देकर कीवी बल्लेबाजी को बैकफुट पर धकेल दिया।

हालांकि, बीच के ओवरों में ग्लेन फिलिप्स ने मोर्चा संभाला। उन्होंने 40 गेंदों पर 78 रनों की विस्फोटक पारी खेली। फिलिप्स को मार्क चैपमैन (39 रन, 24 गेंद) का अच्छा साथ मिला और दोनों के बीच सात ओवरों में 79 रनों की साझेदारी हुई, जिससे एक समय मुकाबला रोमांचक नजर आने लगा।

लेकिन लगातार बढ़ते रन रेट और बड़े लक्ष्य के दबाव में न्यूजीलैंड के बल्लेबाज टिक नहीं सके। फिलिप्स के आउट होते ही रन गति फिर से धीमी पड़ गई। भारतीय स्पिनरों ने बीच के ओवरों में शानदार नियंत्रण दिखाया। वरुण चक्रवर्ती ने अहम मौकों पर दो विकेट झटके, जबकि शिवम दुबे ने भी दो सफलताएं हासिल कीं। अक्षर पटेल ने अपनी कसी हुई गेंदबाजी से बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। आखिरकार न्यूजीलैंड की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 190 रन ही बना सकी और भारत ने यह मुकाबला 48 रनों से अपने नाम कर लिया, जिससे पांच मैचों की सीरीज में उसने 1-0 की बढ़त बना ली।

इससे पहले, भारत की खास नहीं रही। ईशान किशन (8) और संजू सैमसन (10) एक बार फिर अपनी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल सके और पावरप्ले के भीतर पवेलियन लौट गए। लेकिन इसके बाद क्रीज पर आए अभिषेक शर्मा ने मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया।

अभिषेक ने शुरू में कुछ गेंदें संभलकर खेलीं, लेकिन नजरें जमते ही उन्होंने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों पर हमला बोल दिया।

सिनेमा

## सलमान खान को दिल्ली HC का नोटिस, चीन की AI कंपनी ने दी है याचिका, चार हफ्ते में मांगा गया जवाब



बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान अपनी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई झड़प की कहानी लेकर आ रहे हैं। इस बीच चीन की एक कंपनी ने दिल्ली हाईकोर्ट में उनके खिलाफ एक नोटिस जारी किया है। एक्टर को जवाब देने के लिए चार हफ्ते का समय दिया गया है। एक तरफ जहां 'बैटल ऑफ गलवान' फिल्म पर चीन की सरकार को मिर्ची लगी है, वहीं अब चीन की एक कंपनी की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने सलमान खान को नोटिस जारी किया है। उन्हें अपना जवाब दाखिल करने के लिए चार हफ्ते का समय दिया। इस मामले की अगली सुनवाई 27 फरवरी, 2026 को होनी है। जानिए क्या है पूरा मामला। यह विवाद तब शुरू हुआ, जब दिल्ली हाईकोर्ट ने पहले सलमान खान के पर्सनैलिटी राइट्स की रक्षा के लिए एक निषेधाज्ञा जारी की थी, जिसमें तीसरे पक्ष द्वारा उनके नाम, तस्वीरों, आवाज या इमेज के अनधिकृत उपयोग पर रोक लगाई गई थी। चीनी AI प्लेटफॉर्म ने इस आदेश को चुनौती दी है। यह तर्क देते हुए कि उसकी एआई जेनरेटेड सामग्री स्पष्ट रूप से दिखाई दी है और उसने निषेधाज्ञा को रद्द करने का अनुरोध किया है, ताकि वह अपना व्यवसाय जारी रख सके।

## Highlights

1. **At Davos, Assam CM courts investors, flags Kaziranga conservation**
2. **Trump repeats false claim of stopping India-Pak war at World Economic Forum**
3. **We'll see if EC can exercise powers like unruly horse: SC on SIR**
4. **Ex-Mayor Kishori Pednekar to lead Shiv Sena (UBT) in BMC**
5. **Army makes appeal to Punjab's youth to join Sikh Regiment amid falling numbers**

# Gold rally cools as Trump touts Greenland deal with NATO, cancels Europe tariffs

**NEW DEIHI, (Agency).** Gold's rally to an all-time high cooled after US President Donald Trump said he'd refrain from imposing tariffs on goods from European nations that oppose his effort to take possession of Greenland, adding he reached a "framework of a future deal" regarding the island. Silver fell.

Spot gold rose 0.6% at $4,790.13 an ounce as of 3:23 pm in New York, while silver slipped 3.3% after reaching an all-time high on Tuesday. Platinum surpassed $2,530 an ounce for the first time before giving up all the gains to trade 0.9% lower. The Bloomberg Dollar Spot Index was little changed.

The decision, which Trump announced Wednesday on social media, marks a stark reversal for a president who has repeatedly attempted to coerce Europe over the semi-autonomous Danish territory. It came after a meeting with



North Atlantic Treaty Organization Secretary General Mark Rutte at the World Economic Forum in Davos, Switzerland.

Copper gained toward $13,000 a ton, as Goldman Sachs forecast continued flows into the US — a key driver behind the industrial metal's powerful price rally. It settled 0.4% higher at $12,810 a ton on the London Metal Exchange. The dollar advanced while bullion erased gains that earlier sent the metal to a fresh peak of $4,888.42 an ounce.

The US president also said there would be additional discussions on the Golden Dome missile defense system that he has said US control of Greenland is critical to supporting. Vice President JD Vance, Secretary of State Marco Rubio, Special Envoy Steve Witkoff and "various others" will be responsible for negotiations, Trump said.

# Eternal shares surge 7.5% after CEO Deepinder Goyal exit, Q3 results

**NEW DEIHI, (Agency).** Shares of Eternal Ltd. surged to the highest in at least six weeks, a day after founder Deepinder Goyal decided to leave the corner office.

Eternal's share price rose as much as 7.33% over previous close to an intraday high of ₹304.20 on the BSE even as the benchmark S&P BSE Sensex gained nearly 1%. That, after Goyal resigned as the CEO of the company and third-quarter results.

Consolidated net profit of the Gurugram-based company



rose 72.88% over the year-ago period to ₹102 crore in the quarter ended 31 December 2025, on revenue that tripled to ₹16,135 crore, according to an exchange filing on Wednesday (21 January 2026).

Analysts polled by Bloomberg News had estimated the topline at ₹16,224 crore and the bottomline at ₹115 crore.

Eternal Q3 Results FY26 (Consolidated, YoY)

Revenue up 201.85% at ₹16,135 crore (Estimate: ₹16,224 crore)

EBITDA up 127.16% at ₹368 crore (Estimate: ₹333 crore)

EBITDA margin down 70 bps at 2.3% (Estimate: 2.1%)

Net profit up 72.88% at ₹102 crore (Estimate: ₹115 crore)

One basis point is one-hundredth of a percentage point.

# डायरिया से नहीं, गंभीर बीमारी से हुई है हेमन्त की मृत्यु

- डायरिया से प्रभावित कोई भी मरीज गंभीर स्थिति में नहीं
- अस्पतालों में भर्ती मरीजों का अन्य बीमारियों का भी किया जा रहा है निःशुल्क उपचार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। भागीरथपुरा क्षेत्र में जलजनित घटना के डायरिया से प्रभावित कोई भी मरीज गंभीर स्थिति में नहीं है। सभी मरीज डायरिया से स्वस्थ हो चुके हैं। अभी अस्पतालों मे वही मरीज भर्ती है जो पूर्व से अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित है। प्रशासन द्वारा इनका अन्य बीमारियों का इलाज कराया जा रहा है। समाचार पत्र में प्रकाशित खबर इंदौर में दूषित पानी से एक ओर मौत, आंकड़ा 25 पहुँचा' असत्य एवं भ्रामक है। वास्तवित स्थिति यह है कि जिस व्यक्ति हेमन्त पिता गोविन्द गायकवाड़ की मृत्यु डायरिया से बतायी जा रही है, उसकी मृत्यु कार्डियो पल्मोनरी अरेस्ट से हुई है। यह व्यक्ति कैंसर से ग्रसित होकर अस्पताल में उपचाररत थे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हासानी ने बताया कि उक्त व्यक्ति के मृत्यु के संबंध में वस्तु स्थिति यह है कि दिनांक 20 जनवरी को हेमन्त पिता गोविन्द, उम्र 51 साल, निवासी पुलिस चौकी वाली गली भागीरथपुरा इंदौर की मृत्यु अरविन्दो अस्पताल में रात्रि 09.41 बजे हुई। चिकित्सकों द्वारा इनकी मृत्यु का कारण कार्डियो पल्मोनरी अरेस्ट बताया है। मृतक कैंसर से भी ग्रसित होकर उक्त बीमारी हेतु उपचाररत थे। उक्त परिस्थिति में मृत्यु का वास्तविक कारण कैंसर रोग है। वर्तमान में भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्र के सक्रिय मरीज विभिन्न चिकित्सालयों में भर्ती होकर उपचाररत है, जहां प्रारंभ में यह डायरिया की शिकायत के साथ भर्ती किए गए थे, किन्तु वर्तमान में वे डायरिया से पूर्णः स्वस्थ हो चुके हैं। पूर्व से ग्रसित अन्य गंभीर चिकित्सकीय जटिलताओं के कारण उनका अब भी उपचार किया जा रहा है। शासन द्वारा मानवीय आधार इनका निःशुल्क उपचार जारी है। डॉ. हासानी ने बताया कि अपोलो हॉस्पिटल में 58 वर्षीय पुरुष का पैर में गंभीर संक्रमण एवं किडनी की बीमारी का इलाज जारी है। केयर सीएचएल चिकित्सालय में 23 वर्षीय महिला एम.टी.बी., बेसल मेनेजाईट्स विथ हाईड्रोसिफेलस से पीड़ित हैं। अरविन्दों में 63 साल के पुरुष कई चिकित्सकीय जटिलताओं जैसे कि एम.टी.बी., उच्च रक्तचाप, वायरल हैपेटाईटिस से पीड़ित हैं। 66 वर्षीय महिला लीवर में सूजन एवं संक्रमण से पीड़ित हैं। 70 वर्षीय पुरुष गंभीर चोटों के कारण तथा एस.डी.एच. से पीड़ित हैं। दो अन्य मरीज जो कि वार्ड में भर्ती हैं, डायरिया से पूर्ण स्वस्थ होकर डिस्चार्ज होने की प्रक्रिया में हैं। बॉम्बे हॉस्पिटल में 65 वर्षीय पुरुष मल्टी ऑर्गन डिस्फंक्शन सिंड्रोम व इनसेफेलोपैथी से पीड़ित हैं। 65 वर्षीय महिला एवं 72 वर्षीय पुरुष सेंसरी मोटर पॉलीन्यूरोपैथी से पीड़ित है। 67 वर्षीय महिला हायपोक्सिक इस्कीमिक इनकिफेलोपैथी अथार्त मस्तिष्क में ऑक्सीजन की कमी के कारण हुई अस्वस्थता से पीड़ित हैं।

## अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई

# वाहन सहित भारी मात्रा में देशी शराब जब्त



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आबकारी आयुक्त श्री अभिषेक तिवारी के निर्देशन में जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज आबकारी विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई।**

आबकारी टीम ने गश्त के दौरान शंका के आधार पर एक जुपिटर दोपहिया वाहन (क्रमांक एमपी09यूझेड4635) को रोकने का प्रयास किया। आबकारी टीम को देख वाहन चालक मौके पर ही वाहन छोड़कर फरार हो गया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें रखे थैलों से 3 गत्ते की पेटियाँ बरामद हुईं। जिसमें से देशी मदिरा प्लेन के 100 पाव (18 बल्क लीटर), देशी मदिरा मसाला के 50 पाव (09 बल्क लीटर) सहित कुल 27 बल्क लीटर अवैध शराब एवं जुपिटर वाहन (क्रमांक एमपी09यूझेड4635) को जप्त किया गया। जब्त मदिरा एवं दोपहिया वाहन की कुल अनुमानित कीमत एक लाख दो हजार 750 रुपये के करीब है। आबकारी विभाग द्वारा कानूनी कार्यवाही करते हुए अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1)क के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। विभाग द्वारा फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी, डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी आर.सी. डावर के नेतृत्व में वृत्त-छावनी के उप निरीक्षक सुनील कुमार मालवीय की टीम द्वारा की गई।

ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक
सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें
"एक सलाहकार और शुभचिंतक"
।। बाबापण्डित ।।
(अनुष्ठानिक कार्य एवं हरिकथा प्रेमी)
आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।
- कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -
*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*
*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*
*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*
इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।
कृपया अपनी जिज्ञासा/समाधान हेतु संपर्क करे।
Email - babapandit.in@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक